Publication: **Hamara Mahanagar** | Region : **Mumbai** | Date: **17/10/2016** | Page No.: **09**

जीवन बीमा कंपनियों का नए कारोबार से प्रीमियम बढ़ा

मुंबई/नई दिल्ली। जीवन बीमा कंपनियों का नए कारोबार का प्रीमियम सालाना आधार पर इस साल सितंबर में 61 प्रतिशत बढ़कर 16,767.41 करोड़ रुपए रहा। बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) के आंकड़े के अनुसार उनका सामूहिक रूप से नए कारोबार का प्रीमियम 2015 सितंबर में 10,415.35 करोड़ रुपए था। कुल 24 बीमा कंपनियों में से सार्वजनिक क्षेत्र की एलआईसी ने सितंबर महीने में 11,117.48 करोड़ रुपए नए कारोबार के प्रीमियम प्राप्त किए जो पिछले साल इसी महीने में 6,724.88 करोड़ रुपए की तुलना में 65.3 प्रतिशत अधिक है। आंकड़े के अनुसार शेष कंपनियों का नए कारोबार से प्रीमियम सितंबर महीने में 53.1 प्रतिशत बढ़कर 5,649.92 करोड़ रुपए रहा। निजी क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनियों में एसबीआई लाइफ का नए कारोबार से प्रीमियम आलोच्य महीने में दोगुना से अधिक होकर 1,279.05 करोड़ रुपए रहा जो एक साल पूर्व इसी महीने में 549.41 करोड़ रुपए था। वहीं एचडीएफसी स्टैंडर्ड लाइफ का नए कारोबार का प्रीमियम 69.6 प्रतिशत बढ़कर 897.53 करोड़ रुपए रहा। हालांकि आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ का नए प्रीमियम से कारोबार 36.6 प्रतिशत घटकर 648.93 करोड़ रुपए रहा। आंकड़े के अनुसार इंडिया फर्स्ट लाइफ का नए कारोबार से प्रीमियम चार गुना बढ़कर 366.39 करोड़ रुपए जबकि बजाज एलियांज लाइफ का प्रीमियम तीन गुना बढ़कर 442.70 करोड़ रुपए रहा। अन्य कंपनियों में रिलायंस निप्पन लाइफ का प्रीमियम 207.16 करोड़ रुपए (सितंबर 2015 में 130.34 करोड़ रुपए), बिड़ला सन लाइफ 455.13 करोड़ रुपए (182.16 करोड़ रुपए), मैक्स लाइफ 319.75 करोड़ रुपए (253.64 करोड़ रुपए) तथा टाटा एआईए लाइफ 113.26 करोड़ रुपए (46.23 करोड़ रुपए) रहा। सहारा लाइफ का नए प्रीमियम से कारोबार सितंबर 2016 में 3.14 करोड़ रुपए रहा जो इससे पूर्व वर्ष के इसी महने में 2.19 करोड़ रुपए था।